आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 31.03.2026
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में उर्वरक, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।
- स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा– राज्य सरकार हर नागरिक को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध।
- गढ़वाल मंडल के पात्र युवाओं के लिए भारतीय सेना में अग्निवीर पद के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ी, परीक्षा 1 से 15 जून के बीच आयोजित होगी।
- देहरादून जिले के जोहड़ी गांव में दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मृत्यु। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गैस मंत्रालय

केंद्र सरकार ने एक बार फिर से स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने विभिन्न स्तरों पर कई कदम उठाए हैं और यह प्रक्रिया लगातार जारी है। देश की रिफाइनरियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं तथा कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है। हालांकि, कुछ स्थानों पर घबराहट में खरीदारी देखी गई है, जबकि अधिकांश खुदरा आउटलेट सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं।

पत्रकारों से बातचीत में संयुक्त सचिव ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

ऋषिकेश चिकित्सालय निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा है कि राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी उद्देश्य से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है।

श्री उनियाल ने कल ऋषिकेश स्थित शांति प्रपन्न शर्मा राजकीय चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए ये बात कही।

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि परिसर में स्वच्छता व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि मरीजों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद मरीजों को अनावश्यक रूप से अन्यत्र रेफर किया जाता है, तो इसे गंभीर लापरवाही माना जाएगा और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पीपीपी मोड अस्पताल

उत्तराखंड सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरिद्वार में मातृ–शिशु अस्पताल का संचालन पीपीपी मोड पर शुरू कर दिया है। करीब 38 करोड़ रुपये की लागत से बने इस 200 बेड के महिला और बाल चिकित्सा अस्पताल के शुरू होने से आम जनता को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

अस्पताल के प्रथम चरण में स्त्री एवं प्रसूति वार्ड, मेडिसिन विभाग, नवजात शिशु इकाई, हड्डी एवं ट्रॉमा सेंटर, जनरल लेप्रोस्कॉपी सर्जरी, अल्ट्रासाउंड, एक्स–रे और डायलिसिस जैसी सुविधाओं के लिए ओपीडी सेवाएं शुरू कर दी गई हैं।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने इसे राज्य सरकार के चार वर्षों के कार्यकाल की एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं और बच्चों को कम खर्च में बेहतर उपचार मिल सकेगा।

अस्पताल का संचालन कर रही कंपनी के निदेशक मनोज मिश्रा ने बताया कि प्रथम चरण में ओपीडी के साथ स्त्री एवं प्रसूति, मेडिसिन, हड्डी रोग और बाल रोग विभाग शुरू कर दिए गए हैं।

अग्निवीर भर्ती

भारतीय सेना ने अग्निवीर और जेसीओ/ओआर भर्ती के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा के पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब इच्छुक उम्मीदवार 10 अप्रैल 2026 तक अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

यह भर्ती प्रक्रिया गढ़वाल क्षेत्र के जिलों के मूल निवासियों के लिए आयोजित की जा रही है। इसके अंतर्गत हरिद्वार, देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल और रुद्रप्रयाग जिलों के पात्र अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन 1 जून से 15 जून 2026 के बीच किया जाएगा।

भारतीय सेना ने पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन करने का आग्रह करते हुए कहा है कि आवेदन पत्र भरते समय सभी जानकारियां सावधानीपूर्वक और सही ढंग से दर्ज करें तथा आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें।

गोलीबारी

देहरादून जिले के जोहड़ी गांव में कल सुबह दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना में पुलिस ने एक पक्ष के लोगों को हिरासत में ले लिया है, जबकि दूसरा पक्ष फरार है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने स्पष्ट किया कि इस वारदात में शामिल सभी आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आरोपियों के खिलाफ जल्द और कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

'चक्रव्यूह'

पौड़ी गढ़वाल के घनसाली में आयोजित तीन दिवसीय बसंत कौथिग का समापन हो गया है। समापन अवसर पर महाभारत पर आधारित नाटक "चक्रव्यूह" का भव्य मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर पूरे वातावरण को भावनात्मक बना दिया।

नाटक में अभिमन्यु की वीरता और बलिदान की कथा को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

नाटक के निदेशक डॉ. राकेश भट्ट ने बताया कि घनसाली क्षेत्र में पहली बार "चक्रव्यूह" का मंचन किया गया है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य क्षेत्र की संस्कृति और बोली–भाषा का संरक्षण करना है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

नक्सलवाल मुक्त भारत की खबर को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुख से प्रकाशित किया है। इस खबर पर हिन्दुस्तान की सुर्खी है– अमित शाह का संसद में ऐलान, देश अब नक्सलवाद से मुक्त। दैनिक जागरण लिखता है– माओवाद मुक्त हुआ देश

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर नवोदय टाइम्स का शीर्षक है– युद्ध की आग में झुलसा भारतीय बाजार, वित्त वर्ष के अंतिम दिन सेंसेक्स 1 हजार 636 अंक लुढ़का, निफ्टी में 488 अंकों का नुकसान।

एक अन्य शीर्षक में समाचार पत्र ट्रम्प के हवाले से लिखता है– ईरान ने जल्द संघर्ष विराम नहीं किया तो तेल के कुओं को कर देंगे नष्ट